भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4256
जिसका उत्तर मंगलवार 28 मार्च, 2017 को दिया जाना है

एचईसी लिमिटेड का पुनरुद्धार

4256. श्री हरि मांझी:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हैवी इंजिनियरिंग कार्पोरेशन लिमिटेड रांची (झारखंड) के पुनरुद्धार हेतु कोई स्कीम तैयार की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त निगम द्वारा रक्षा उपकरणों के उत्पादन का कोई प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री बाबुल सुप्रियो)

(क) और (ख): हेवी इंजिनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी), रांची (झारखंड) की स्थापना 1958 में हुई थी। विगत वर्षों के दौरान, कंपनी का निष्पादन विविध कारणों जैसे कि पुराने और अप्रचलित संयंत्र और मशीनों, जरूरत से ज्यादा जनशक्ति, क्षमता का कम उपयोग, कार्यशील पूंजी संबंधी बाध्यताओं आदि की वजहों से गिर गया। कंपनी को पुनर्जीवित करने के लिए मैसर्स मेकॉन द्वारा एक पुनरुद्धार और आधुनिकीकरण योजना एचईसी द्वारा तैयार करवाई गई थी जिसमें एचईसी के संयंत्रों और सुविधाओं की व्यापक ओवरहॉलिंग की परिकल्पना की गई थी और इसे मंत्रालय को प्रस्तुत किया गया था। इस दौरान, नीति आयोग, वित्त मंत्रालय, भारी उद्योग विभाग और झारखंड सरकार और डॉ. वी के सारस्वत, सदस्य नीति आयोग के नेतृत्व में जुलाई, 2016 में गठित विशेषज्ञों की एक समिति के स्तर पर एचईसी की आधुनिकीकरण योजना और अन्य संबंधित मुद्दों का तकनीकी मूल्यांकन करने के लिए परामर्श किया गया था। विशेषज्ञों की समिति ने कंपनी के आधुनिकीकरण सहित इसकी विनिर्माण सुविधाओं के उन्नयन और मानव संसाधन के सुदृढ़ीकरण की सिफारिश करते हुए कंपनी के विभिन्न मुद्दों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

(ग) और (घ): एचईसी, राची ने सूचित किया है कि फिलहाल वे रक्षा सहित रणनीतिक सेक्टरों के लिए कुछ मदों का विनिर्माण और उनकी आपूर्ति कर रहे हैं।

*****